आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.10.2025

मुख्य समाचार :–

- देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रायपुर में आयोजित उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 संपन्न; हरिद्वार एलमास टीम ने फाइनल में दर्ज की जीत।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने शिक्षण संस्थानों में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने त्यौहारों के मौसम से पहले हवाई किरायों की समीक्षा की; विमान कंपनियों से और उड़ानें बढ़ाने को कहा।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और ओलावृष्टि तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

## उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 समापन

देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रायपुर में आयोजित उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 संपन्न हुई। चैंपियनशिप का खिताब हरिद्वार एलमास टीम ने अपने नाम किया।

समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसे गुण विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही "स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान" लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी, जिनमें हर वर्ष 920 एथलीट उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## शिलान्यास और लोकार्पण

उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने शिक्षण संस्थानों में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया है। हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ. रावत ने कहा कि कौशल विकास से माध्यमिक शिक्षा स्तर पर मिले सकारात्मक परिणामों को अब विश्वविद्यालय स्तर तक विस्तारित किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने घोषणा की कि सभी 13 जिलों में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा और देहरादून में अतिरिक्त भूमि दी जाएगी।

शहीद सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देहरादून में बनाया जा रहा सैन्यधाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिये प्रेरित करेगा। श्री धामी लैंसडाउन में आयोजित शहीद सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया और उनके परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने अमर शहीद गब्बर सिंह नेगी की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कोटद्वार के सैनिक विश्राम गृह के जीर्णोद्धार, वीर नारियों व पूर्व सैनिकों के लिए कॉमन सर्विस सेंटर स्थापना और कई सड़कों व शिक्षण संस्थानों का नामकरण शहीदों के नाम पर करने की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने "एक पेड़ शहीदों के नाम" अभियान शुरू करने का भी आह्वान किया।

विद्या समीक्षा केन्द्र से बदलाव

नई शिक्षा नीति–2020 के तहत स्थापित विद्या समीक्षा केन्द्र, उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहा है। अब तक प्रदेश के 16 हजार 52 विद्यालय इस केन्द्र से जुड़ चुके हैं और 46 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस केन्द्र की स्थापना से विद्यालय स्तर से लेकर महानिदेशालय तक निर्णय अब वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर लिए जा रहे हैं, जिससे शिक्षण गुणवत्ता, उपस्थिति और संसाधन प्रबंधन में सुधार हुआ है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 95 प्रतिशत स्कूलों में 'मेरी उपस्थिति चैटबॉट' के माध्यम से छात्र और शिक्षकों की उपस्थिति डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। साढे छह लाख छात्रों को 'पारख उत्तराखंड' के जरिए अध्ययन सामग्री दी गई है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र की मदद से शिक्षा प्रणाली अधिक डिजिटल, पारदर्शी और जवाबदेह बन रही है तथा आने वाले समय में शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा को और प्रभावी बनाया जाएगा।

'पाथ वे' निर्माण

हरिद्वार में कुंभ मेले के आयोजन से पूर्व चार किलोमीटर लंबा 'पाथ वे' बनाया जाएगा, जो आर्य नगर से शुरू होकर बाल्मीकि चौक तक जाएगा। कुंभ मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि इस 'पाथ वे' के निर्माण के लिए कुंभ मेला बजट से योजना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए बड़ी सुविधा देगा और इसमें अत्याधुनिक व्यवस्थाएं होंगी।

अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि 'पाथ वे' की संरचना इस तरह होगी कि स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मार्ग के दोनों ओर सौंदर्यीकरण, पौधरोपण, सेल्फी पॉइंट और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी।

हवाई किरायों की समीक्षा

नागर विमानन महानिदेशालय– डीजीसीए ने त्यौहारों के मौसम से पहले हवाई किरायों के रुझानों की समीक्षा की है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने डीजीसीए को त्योहारों के दौरान हवाई किरायों पर नज़र रखने और कीमतों में उछाल की स्थिति में उचित कदम उठाने को कहा है। डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को त्यौहारों के दौरान उच्च माँग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करके उड़ान क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

इंडिगो ने कहा कि उसने 42 सेक्टरों में 730 अतिरिक्त उड़ानें संचालित की हैं। इस बीच, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 20 सेक्टरों में 486 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेंगी तथा स्पाइसजेट 38 सेक्टरों में 546 अतिरिक्त विमानों का संचालन करेगी।

मौसम

उत्तराखंड में आज मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना है, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है।

मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, टिहरी, देहरादून और हरिद्वार जिलों के लिए गरज–चमक, आंधी और ओलावृष्टि के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

साथ ही, चार हजार मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी भी दी गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार, कल भी राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी रहेगी।

सेफ्टी वॉल

हरिद्वार के आबादी क्षेत्रों में हाथियों की बढ़ती आवाजाही को रोकने के लिए वन विभाग नौ किलोमीटर लंबी सेफ्टी वॉल का निर्माण करेगा।

प्रभागीय वन अधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि हाथियों को आबादी क्षेत्रों में आने से रोकने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं और कई स्थानों पर टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि नौ किलोमीटर लंबी सेफ्टी वॉल बनाकर मानव–हाथी संघर्ष को कम किया जाएगा।

गौरतलब है कि शनिवार रात लक्सर रोड पर जगजीतपुर और मिस्सरपुर के बीच छह हाथियों का झुंड आ जाने से यातायात कुछ देर के लिए रुक गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर वापस खदेड़ा।

सहकारिता से मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि सहकारिता से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान में आयोजित सहकारिता मेले में कल श्रीमती आर्या ने विभिन्न विभागों, हस्तशिल्प, हथकरघा और स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण कर संचालकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी अभियान की भावना के अनुरूप है और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पशुपालन, डेयरी और कुकुट पालन जैसे कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण चेक वितरित किए गए। कई ग्राम सभाओं को माइक्रो एटीएम भी सौंपे गए।

श्रीमती आर्या ने कहा कि सहकारिता मेला स्थानीय कला, उत्पादों, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का मंच है, जिससे नई आर्थिक संभावनाएं पैदा हो रही हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान

हल्द्वानी नगर निगम ने कल प्रशासनिक टीम के साथ शहर के प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पटेल चौक, मीरा मार्ग, बर्तन बाजार, सदर बाजार और कालाढूंगी चौराहे पर फुटपाथों से अवैध कब्जे हटाए गए और सड़क किनारे रखा सामान जब्त किया गया।

निगम की टीम ने बिना अनुमति दुकानदारी करने वाले व्यापारियों पर 25 हजार रुपये तक के चालान लगाए। वेंडिंग कार्ड के बिना ठेले लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उप जिलाधिकारी राहुल शाह और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान अभियान के दौरान मौके पर मौजूद रहे।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की राज्य के साथ बैठक को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने दवा में गडबड़ी पर लाइसेंस रद्द होगा, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है – कोल्ड्रिफ व डेक्सामिथरफेन की बिक्री पर उत्तराखंड में भी रोक।

प्रदेश में नए सर्किल रेट लागू कर दिए गए हैं। इस खबर पर अमर उजाला लिखता– नए सर्किल रेट लागू, बाइस प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी। नवोदय टाइम्स लिखता है – प्रदेश में जमीनों की खरीद हुई मंहगी, चुकाना होगा ज्यादा स्टांप शुल्क।

लैंसडौन में आयोजित हुए शहीद सम्मान समारोह की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा ने सैन्य धाम अमर आत्माओं का प्रतीक : मुख्यमंत्री, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है – युवाओं को देश भक्ति के लिए प्रेरित करेगा सैन्य धाम।